# हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 16 अप्रैल 2024



04 जिला संयुक्त कार्यालय में हुई समय-सीमा की बैठक...





07 पहुंच मार्ग तो बन जाएगा पर क्या बच्चियों को अकेले ...






## खबर संक्षेप

### नाम निर्देशन के दूसरे दिन दो अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्र

**सागर**। लोक सभा निर्वाचन के अंतर्गत सागर लोकसभा क्षेत्र - 5 में नाम निर्देशन पत्र जमा होने के दूसरे दिन आज दो नामांकन पत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के समक्ष जमा किए गए। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े के द्वारा अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया, जबकि एस.यू.सी. आई. के प्रत्याशी राम अवतार शर्मा के द्वारा भी अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया।

### निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारों के मतदान एवं मतगणना एजेंट

**सागर**। भारत निर्वाचन आयोग ने केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियों और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है। न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती।

### आम सभा, रैली, जुलूस के लिए एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य

**सागर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार जिले में आम सभा, रैली, जुलूस के पूर्व संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा । आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा -144 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

**सागर**। लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किये जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो तथा सर्विस वोटर्स को जारी किये जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ मतपत्रों में फोटो अंकित करने के ये निर्देश एक ही या मिलते जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आये प्रकरणों को देखते जारी किये गये हैं । मतपत्रों पर उम्मीदवारों का फोटो उसके नाम और चुनाव चिन्ह के बीच में दो गुना ढ़ाई सेंटीमीटर के आकार में अंकित किये जायेंगे। मतपत्रों पर फोटो अंकित करने के लिए उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने कहा गया था। उम्मीदवारों से कहा गया था कि मतपत्रों पर अंकित करने के लिए उन्हें अपने ऐसे फोटो देने होंगे जो तीन माह से अधिक पुराने न हों। ज्ञात हो कि पहली बार विधानसभा चुनाव-2018 और उसके बाद लोकसभा चुनाव-2019 एवं विधानसभा चुनाव-2023 में भी मतपत्रों पर फोटो अंकित किये गये थे।

---

**हमारा संकल्प पत्र मतलब भारत को विकसित बनाने की मोदी की गारंटी**

## भाजपा के संकल्प पत्र में जनहित के अनेक बड़े संकल्प किए गए हैं : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर संकल्प-पत्र जारी किया है, जिसमें 24 गारंटी के वचन हैं। संकल्प-पत्र में पुरानी योजनाओं को जारी रखने, इनका दायरा बढ़ाने, 2047 तक विकसित भारत बनाने समेत व्यापक जनहित के कई बड़े संकल्प किये गये हैं। यह बात पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने संकल्प पत्र पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमारे पास 10 वर्षो में किए गये कामों को इतिहास है और आगे के 25 वर्षो के लिए विकसित भारत के संकल्प का विजन है। सबसे बड़ी बात कि इन सब पर आगे बढ़ने की इच्छा शक्ति हमारे संगठन और नेतृत्व के पास है, जिसके चलते हम कह सकते है कि यह संकल्प पत्र हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी है। सिंह ने कहा कि जब हम मोदी की गारंटी की बात करते है तो इसका एक अर्थ यह भी होता है कि



गारंटियों के पूरा होने की गांरटी।

पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि भाजपा के संकल्प-पत्र में गरीब, मध्यम वर्ग, नारी शक्ति, वरिष्ठ नागरिक, किसान, युवा, श्रमिक व असंगठित श्रमिक, छोटे व्यापारी व विश्वकर्मा, वंचित अनुसूचित जाति, जनजाति, आदिवासी वर्ग के उत्थान के लिए सुनियोजित कार्यक्रम है। संकल्प पत्र में हर घर में नल से जल, हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के मुफ्त इलाज 10 करोड़ परिवारों को जीरो बिजली बिल योजना, 3 करोड़ महिलाओं का लखपति दीदी का लक्ष्य, पाईप लाईन से सस्ती रसोई गैस की गारंटी है जिससे गरीब कल्याण की योजनाओं को विस्तार मिलता है। गरीबों की थाली और समृद्ध होगी, मुफ्त राशन योजना आगे पाँच साल और जारी रहेगी, किसानों की सम्मान निधि निरंतर मिलती रहेगी और न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि होती रहेगी यह भाजपा की ओर से संकल्प-पत्र में है। मध्यम वर्ग की जीवन सुविधाजनक और आसान हो छोटे व्यापारी और लघु मध्यम वर्ग के उद्यमी अपने परिवारों का आर्थिक विकास कर सकें इसके लिए संकल्प पत्र में व्यवस्थित रूप से योजनाओं की गारंटी दी गई है।

पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में अयोध्या के समग्र विकास, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को आरक्षण, समान नागरिक संहिता को लागू करना, सीएए के तहत नागरिकता की गांरटी दी गई है। उन्होंने कहा कि भारत का अत्याधुनिक संरचनात्मक विकास, विश्वविद्यालय को विश्व स्तरीय बनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नये आईआई एम, आईआईटी और एम्स की स्थापना, दालों और खाद्य तेल में देश की आत्मनिर्भरता के साथ यह भी गांरटी है कि हम देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनायेंगे। देश को एक वैश्विक मेन्युफैक्चरिंग से रोजगार बढ़ाने की दिशा में निरंतर काम करेंगे।

पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल पटैल, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, मीडिया सह प्रभारी आशीष तिवारी, प्रदेश पैनलिस्ट प्रवक्ता प्रदीप राजोरिया, महापौर संगीता सुशील तिवारी, पूर्व विधायक पारूल साहू, नगर निगम अध्यक्ष वृदांवन अहिरवार, पूर्व विधायक नारायण कबीरपंथी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन मंच पर उपस्थित थे।

---

## पुरानी रंजिशके चलते कटर से हमला कर घायल करने वाले को दो माह का कारावास

**सागर** । पुरानी रंजिंश पर से कटर से हमला कर घायल करने वाले आरोपी दीपेश पिता रज्जन अहिरवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला सागर सुश्री दीक्षा अग्रवाल की अदालत ने दोषी करार देते हुये भा.द.वि.की धारा-324 के तहत 2 माह का साधारण कारावास की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी सहा जिला लोक अभियोजन अधिकारी रेखा मांझी ने की । घटना संक्षिप्त में इस प्रकार है शिकायतकर्ता ने थाना मोतीनगर में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि 02 मार्च 2018 के सुबह की बात है, आहत अपने घर के बाहर अपनी गाड़ी धो रहा था तभी उसके पड़ौस का रहने वाला दीपेश अहिरवार पुरानी बुराई पर से उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगा, उसने मना किया तो उसने हाथ में लिये रेडियम कटर से उसे मारा, जो उसके बायें गाल में लगा, घटना के समय उसकी मम्मी आ गई जिन्होंने बीच बचाव किया। दीपेश अहिरवार कह रहा था कि थाने रिपोर्ट करने गया तो जान से खत्म कर देंगे। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना-मोतीनगर द्वारा भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 294 ए, 324 ए506 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया । जहॉ विचारण उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला सागर सुश्री दीक्षा अग्रवाल की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया है।

### सोशल मीडिया में भ्रामक तथ्यहीन जानकारी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**सागर**। सागर संसदीय क्षेत्र और जिलेवासियों से सोशल मीडिया में प्रकाशित एवं प्रचारित बिना तथ्यों की भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की गई है। सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाते पाए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित व्हाट्एप पर ग्रुप एडमिन के विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।




### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**सागर**। लोकसभा चुनाव के चलते मतदाता जागरुकता अभियान के तहत सहायक रिटर्निंग ऑफीसर दमोह संसदीय क्षेत्र 07 संदीप सिंह परिहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बण्डा/शाहगढ प्रभाषराज घनघोरिया के निर्देशन में बण्डा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरुक करने ग्राम बहरोल, पिपरिया इल्लाई, सासा, बिन्नई, भूसा कमलपुर, बमनौरा, नरवा, आदि ग्रामों में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसके पश्चात दीवाल लेखन कर सभी को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई गई ।



### तीन बत्ती ज़ामा काम्पलेक्स वाले बाबा का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

सागर। हजरत सैयद अहमद मक्की चिश्ती रह. अ. तीन बत्ती ज़ामा काम्पलैक्स वाले बाबा का जन्मदिन बाबा के अकिदतमंदो, श्रद्धालुओं द्वारा बड़े हषोल्लास और पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। जिसमें तीनबत्ती जामा काम्पलैक्स स्थित बाबा की दरगाह पर वाद नमाज असिर संदली चादर पेश की जाकर नातैपाक सलाम पेश किया जाकर दुआ के बाद तबररूख प्रसादी का वितरण किया गया। बाबा के जन्मदिन के अवसर पर दरगाह पर विशेष साज सज्जा आकर्षण का केन्द्र रही । इस दौरान मुख्य रूप से मोनू बाबा, असरफ खान, शेख असलम, मुहम्मद आसिफ, राजीव चौधरी, नरेन्द्र सरदार, अरविंद चौधरी, मुह. फारूख, साहिब भाई, धीरज प्रजापति, पप्पू भाई, अर्श खान, सुहेल खान, मुह.अयान खान, अयाज खान, सरबर खान आदि बाबा के अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे ।

### बुंदेली भाषा में कविता के माध्यम से मतदान का देशव्यापी महत्व बताया

**सागर**। निर्वाचन जागरूकता अभियान हेतु "स्वीप पार्टनर" कार्यक्रम सीएम राईज शासकीय एम एल बी क्रमांक 1 सागर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संचालक सुनील जैन के आह्वान पर उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं ने अपने शब्दों द्वारा निर्वाचन में मताधिकार को सर्वश्रेष्ठ कार्य के रूप में व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार साहू द्वारा मतदान को महादान बताया गया। प्रदीप कुमार पाण्डे द्वारा बुन्देली भाषा में "चलो रे भैया चलो रे कक्का काकी वोट डालन जरूर जाइयो" उक्त कविता द्वारा रोमांचक तरीके से मतदान का देशव्यापी महत्व बताया।

## तीसरी आंख : इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से गंदगी फैलाने वालों पर की जा रही चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

इंटीग्रेटेड कमाड सेंटर यातायात व्यवस्था के साथ शहर की सफाई व्यवस्था पर भी निगरानी रखने का काम कर रहा है, और शहर में लगे कैमरो से 24 घंटे सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही है और कोई भी दुकानदार अपनी दुकानों का कचरा रोड किनारे डालते हैं या दुकान के सामने गंदगी करते हैं या भीड़ जमा करते हैं तो उनके ऊपर चलानी कार्रवाई की जा रही है इसलिए दुकानदार दुकान के बाहर कचरा आदि ना फेके और दुकान का सामान निर्धारित स्थान से ज्यादा ना फैलाएं क्योंकि आप तीसरी आंख की नजर में है और ऐसा करने पर आपका चालान होगा।

सीन क्रमांक - 1 समय सुबह 9.15 बजे - स्थान स्टेशन के सामने वाली होटल- होटल मालिक द्वारा अपनी होटल का सामान रोड किनारे रखें था और होटल के सामने भीड़ जमा थी तो स्मार्ट कमाड सेंटर से उस होटल मालिक को सूचना दी गई की वह दुकान के सामने भीड जमा ना करें और दुकान का बाहर रखा सामान अंदर करे, नहीं तो आपके ऊपर चालानी करवाई की जाएगी, लेकिन उसने इस चेतावनी की ध्यान नहीं दिया तो 5 मिनट के भीतर नगर निगम जोन प्रभारी और उनके दल होटल पहुंचकर उस होटल मालिक का चालान किया और उसका बाहर रखा सामान अंदर करवाया और उसे चेतावनी दी की पुनः गलती करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीन क्रमांक - 2 मोतीनगर चौराहा पर शीतला माता मंदिर की ओर जाने वाली रोड के किनारे की होटल समय- सुबह 5.33 बजे- होटल मालिक द्वारा होटल खोली जाती है और उसमें सफाई करके कचरा को पॉलिथीन में भरकर बाहर फेक दिया जाता है, यह दृश्य कैमरे में कैद हो जाता है इसलिए उस होटल मालिक पर गंदगी फैलाने पर चालानी कार्रवाई हेतु जोन प्रभारी को सूचित किया जाता है कि वह जाकर उस होटल मालिक का चालानी कार्यवाही करें।

इस प्रकार शहर में स्मार्ट कमांड सेंटर द्वारा लगे कैमरो से दिन-रात मॉनिटरिंग की जा रही है और किसी भी समय अगर कोई व्यक्ति गंदगी फैलाता है तो वह कैमरे की नजर में है और उस पर ई-चालान करवाई या नगर निगम के जोन प्रभारी द्वारा चलानी कार्वाई की जा रही है ।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा भी स्मार्ट कमाड सेंटर पहुंचकर सफाई व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है और समस्त टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वह इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से शहर की यातायात व्यवस्था के साथ सफाई व्यवस्था पर भी नजर रखें और अगर कोई व्यक्ति गंदगी फैलाते पाए जाने पर नगर निगम की टीम को सूचित करें और गंदगी फैलाने वालों पर फैलाने वालो पर चालानी करवाई प्रस्तावित करें ताकि नगर की सफाई व्यवस्था सुदृढ रहे।



सागर। पूर्व विधायक पारुल साहू केशरी ने पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह से सौजन्य भेंट की।

### 56 पाव देशी मदिरा जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया

**सागर**। अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आज सहायक आबकारी आयुक्त दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में ग्राम पगारा थाना केंट सागर में आरोपीगण मोहित खटीक व पप्पू खलील कुरेशी के कब्जे से 56 पाव देशी मसाला व सादा मदिरा जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्व किये गये। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक खुरई सियाराम चौधरी, मुख्य आरक्षक एस पी साकेत, आरक्षक सतीश, राजकमल, साहिल, शिवानी, फूलसिंह सम्मिलित रहे।



### केन्द्रीय जेल सागर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया

**सागर**। उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार केन्द्रीय जेल सागर में आज बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय के समन्वय से प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम.के. शर्मा की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया। तत्संबंध में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल द्वारा प्रातः 9 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त शिविर का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रधान जिला न्यायाधीश एवं उपस्थित अधिकारीगण द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश शर्मा द्वारा उपस्थित बंदीगण को संबोधित करते हुये कहा कि समस्त बंदीगण अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहें एवं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें व उपरोक्त आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता शिविर में उपस्थित विभिन्न रोगों के चिकित्सीय विशेषज्ञों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क औषधि प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें एवं शिविर में उपस्थित लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स तथा पैनल अधिवक्तागण के माध्यम से अपने-अपने लंबित प्रकरणों की जानकारी के साथ-साथ अपनी विधिक समस्याओं का भी समाधान करें।

**नवरात्र में देवी माता की पूजा-अर्चना के साथ गायत्री मंत्र का सामूहिक अनुष्ठान**

## गायत्री परिवार की मातृसंवर्धन कलश रथ यात्रा का जैसीनगर के ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अखिल विश्वगायत्री परिवार की अखंड दीप मातृ संवर्धन कलश रथ यात्रा जैसीनगर के खैरा सेमाढाना, सत्ताढाना, सरखेड़ी, देवलचोरी, ताजपुर सेमराघोना, केल्लाई, सिहोरा में टोली नायक आर एल शुक्ला एवं सहटोली नायक आचार्य पंडित महेश दत्त त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य के निर्देशन में पहुंची, जहां ग्रामीण जनों ने गायत्री माता की जय भारत माता की जयकार के साथ भव्य स्वागत किया। गायत्री शक्तिपीठ गोपालगंज सागर के मुख्य ट्रस्टी स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति डॉक्टर अनिल तिवारी ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से गंगाजल से परिपूर्ण जल कलश यात्रा एवं गायत्री माता अयोध्या के श्री रामलला से सुसज्जित रथ सागर जिला में पूरे विकासखंडो में धर्म जागरण, सांस्कृतिक चेतना, गायत्री उपासना, संस्कार वृद्धि विश्वकल्याण की भावना से 14 जनवरी मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर प्रति दिवस 8 से 10 ग्रामों में भ्रमण कर वेद माता



गायत्री की उपासना पद्धति पूर्ण वैदिक विधि विधान के साथ पुष्पेंद्र के साथ एवं आर एल शुक्ला तथा साहित्यकार शिक्षाविद आचार्य महेश दत्त त्रिपाठी के सानिध्य में सर्वत्र हम बदलेंगे युवा बदलेगा का देश संदेश दे रही है। खैरा गांव में रामेन्द्रसिंह के परिवार ने, सेमाढाना में अंशुल, प्रवीण पांडेय, टीकाराम पटेल, सत्ताढाना में शिवाजी मिश्रा, अर्जुन, हर्ष कमलेश, सरखेड़ी में राजेश सिरोठिया, भैयालाल, राजकुमार, देवलचोरी में नरेंद्र, मनोहर तिवारी, अरुण राजपूत, ताजपुर में मदवि, अंजलि, किशन चढार, सेमराघोना में रामकृष्ण, प्रहलाद, गौरव, राहुल, किल्लई में नारायण, धर्मेंद्र यादव, देवेंद्र, कृष्णकुमार ने गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक अनुष्ठान के साथ माता, बहनों, बुजुर्गो युवाओं ने सक्रियता के साथ उपस्थित होकर पूजा अर्चना की एवं नशा मुक्ति, संस्कारवान प्रज्ञा संपन्न संपूर्ण शिक्षित आदर्श गांव बनाने की संकल्प लिया। अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पंडित महेश त्रिपाठी ने प्रवचनों में कहा मानव के आध्यात्मिक प्रकाश का स्त्रोत श्रद्धा है जब श्रद्धा भक्ति जागृत होती है तो जीवन प्रकाशित होकर धन्य हो जाता है। गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना करके कर्म योग के साथ धर्माचरण भी करना होगा।




त्रिपाठी ने कहा सभी जन सुबह उठकर धरती माता, सूर्य भगवान, माता पिता गुरुजनों को प्रणाम करें एवं स्नान करके प्रतिदिन मंदिर जाकर देव दर्शन भी करें तभी हम स्वस्थ सुखी समृद्ध शिक्षित भारतवर्ष के निर्माण में माता गायत्री की कृपा से योगदान दे सकते हैं। टोली नायक आर एल शुक्ला पूर्व शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हम सबके उत्कर्ष का आधार प्रबल इच्छा शक्ति है जो जीवन में सफलता देता है गायत्री मंत्र आमोघ है हम सबको सत्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर गायत्री परिवार से जुड़ना होकर सर्वत्र शांति पाठ के साथ प्रसाद वितरण कर किया गया।




### नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला

**रहली**। भारत देश के संविधान के निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती पर रविवार सुबह नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी एवं पार्षद साथियों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष ठलु माते, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित नायक, नेता मंनोज पांडे, प्रियेश पटेरिया, सफाई दरोगा महेश ठाकुर, विक्रम ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से किया जागरूक



**टीकमगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी स्वीप जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप प्लान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।
इसीक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायत कुड़ीला में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बच्चों के द्वारा रंगोली एवं मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से वोट का महत्व बता कर 26 अप्रैल 2024 को अधिक से अधिक संख्या में वोट देने की अपील की गई।

## मैंने अपना कर्तव्य निभाया, अब आप भी निभाएं अपनी जिम्मेदारी



**टीकमगढ़।** मैंने अपना कर्तव्य निभा लिया, अब आप भी अपना कर्तव्य जरूर निभाएं अपनी ऊंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाकर कुछ ऐसा ही संदेश युवा मतदाताओं को देती हैं 87 साल की मतदाता श्रीमती श्याम बाई राजपूत।
गौरतलब है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिए मतदान केंद्र तक न आने पड़े, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मतदाताओं को उनकी स्वेच्छानुसार घर से मतदान करने (होम वोटिंग) की सुविधा दी गई है।
इसी सुविधा का लाभ उठाते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र. 6 टीकमगढ़ अंतर्गत आने वाले टीकमगढ़ जिले के जतारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामनगर खुर्द की मतदाता श्रीमती श्याम बाई राजपूत 87 वर्ष ने घर से मतदान करने की इच्छा जताई। आवेदन मिलने पर मतदान दल सक्रियता दिखाते हुए शतायु मतदाता के घर पहुंचा और उनसे मतदान कराया। घर से मतदान की सुविधा मिलने पर उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का हृदय से आभार जताकर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने युवा मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर मतदान जरूर करने का संदेश भी दिया।

## परशुराम जयंती को लेकर मंदिर में हुई बैठक

**विदिशा।** परशुराम जयंती पर 24 वर्षों से निकाली जा रही शोभायात्रा को लेकर ब्राह्मण महापंचायत एवं परशुराम सेवा दल की बैठक कार्तिक चौक स्थित चौबे जी के मंदिर पर हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जाएगा। इसके लिए शोभायात्रा का संयोजक पंडित मोनू दुबे एवं सहसंयोजक पंडित आशु राजपुरोहित एवं प्रियेश शर्मा को बनाया गया। मोनू दुबे ने युवा ब्राह्मणों को मर्यादित रहकर धर्म की रक्षा करने प्रेरित किया। बैठक की अध्यक्षता पंडित ओपी चतुर्वेदी ने की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित सेवा दल के सदस्य सुरेश दुबे, संतोष सागर, संजीव शर्मा, आशीष आचार्य, नितेश शर्मा मौजूद रहे।

## साधिका मानस मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ

**विदिशा।** कई दशकों से राधिका मानस मंडल विभिन्न मंदिरों और घरों में पहुंचकर भजन कीर्तन सुंदरकांड पाठ का आयोजन करता है। रविवार को कृष्णा कॉलोनी स्थित पूर्व परिषद मोंटी चौबे के निवास स्थित ढाई दशक पुराने मंदिर पर पहुंचकर राधिका मानस मंडल भजन कीर्तन व सुंदरकांड किया।

# नगर के एक स्कूल में त्यौहारों को लेकर आयोजित हुई लेखक संघ की कवि गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




नगर साहित्यिक संस्था मप्र लेखक संघ जिला इकाई टीकमगढ़ की कवि गोष्ठी इस माह के त्यौहार एवं जयंतियों, नव सम्वतसर, गुड़ी पड़वा, ईद, चैती चाँद, झूलेलाल जंयती, निषादराज जयंती, अंबेडकर जयंती, श्रीराम नवमीं आदि सर्वधर्म पर केन्द्रित नगर के स्थानीय एक स्कूल में आयोजित की गयी है।

कवि गोष्ठी की अध्यक्षता कवि डॉ. एनएम अवस्थी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में कवयित्री गीतिका वेदिका एवं विषिष्ट अतिथि के रूप में कवि हरबल सिंह लोधी मौजूद रहे। गोष्ठी की शुरूआत कवयित्री ने सरस्वती वंदना से की जिसके बाद यह गीत सुनाया कि हे बनारस घाट तुमको सब समर्पित कर रही हूँ। हे लहर तुम गंग सारे,क्षण बिसर्जित कर रही हूँ।हरबल सिंह राजपूत ने रचना पढ़ी - सबेरे से सबरये राम-राम करते ते। दूध और दही को कलेवा करते ते। वहीं संघ के अध्यक्ष राजीव नामदेव ने हास्य रचना कवि ढूँढ़ ही लेते है बलि का बकरा। चाय-पान, नास्ते के चक्कर में वो फंस गया ससुरा सुनाया । गोविन्द्र सिंह गिदवाहाने रचना नई साल नव ब्याव। आसौं हमाऔ भव ब्याव पढ़ी। कवयित्री वेदेही ने कविता सुनाई कि आसमां को हरा बनादे, धरती नीली पेड़ं बैंगनी। गाड़ी ऊपर नीचे लाला कफर क्या होगा गड़बड़ झाला। भगवत नारायण ने रचना पढ़ी चल रहा चलाता रहूँ चलने में मेरी शान है। ठहर जाऊँ न कहीं, उर में यही अरमान है। यदुकुल नंदन खरे के ने सुनाया बचो इन हवाओं से कहाँ तक बचते हो। जब लड़ रहे तब शांति की बात क्यों करते हो। प्रमोद गुप्ता ने सुनाया कि पृथ्वी को हम माता कहते, पृथ्वी को हम शीश झुकाये। पृथ्वी का गुणगान है भारी, पृथ्वी हमको गोद बिठाये। शायर वफ़ा शैदा ने ग़ज़ल कही सब फ़िदा कर देंगे तुम पर आजमा कर देखलो। इक नज़र मेरी तरफ बस मुस्कुराकर देखलो।

कमलेश सेन ने रचना पढ़ी चिड़िया रानी, चिड़िया रानी आओ खेत हमारे। वृक्षों के फल पकने को है, स्वाद चखों मन प्यारे। शायर अनवर खान 'ने ग़ज़ल कही कि जब ख़बर मेरे मरने की उसने सुनी। जाम पर जाम चलते रहे रात भर। वहीं रविन्द्र यादव ने सुनाया कि तुम बड़ी देर से आए हो मेरी जान यहाँ।जहाँ के शोर से उक्ता चुके थे कान यहाँ। शायर शकील खान ने ग़ज़ल कही तुमसे मिलने आऐंगे घर, सूरज को ढल जाने दो। कर लेना बातें जी भरकर सूरज को ढल जाने दो। प्रभुदयाल श्रीवास्तव ने कविता सुनाई बैठी आन दुगइ के द्वारें रुच रुच पटियां पारें। तकता में तक तक कें सूरत मन मन मुस्की मारें। इनके अलावा कवि गोष्ठी का संचालन कमलेश सेन ने किया तथा सभी का आभार प्रदर्शन रविन्द्र यादव ने किया।

## सर्व समाज फाउंडेशन ने मनाया स्व. अली का श्रद्धांजलि समारोह



**टीकमगढ़।** सर्व समाज फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष हुकुमचंद अहिरवार की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय अशरफ अली शाह की श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें स्वर्गीय अशरफ अली शाह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें सभी ने नमन किया। सर्व समाज फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमलचंद अहिरवार ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सर्व समाज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रज्जाक अली शाह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि मैं अपने पिता के सिद्धांतों को आदर्श बनाकर अपने जीवन में प्रयास करूंगा।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता एवं पद अधिकारी गणों में राकेश कुमार झा, कोमल चंद अहिरवार, सीताराम कोरी, संतोष अहिरवार, चंद्रेश कोर,ी महफूज अंसारी, सत्येंद्र सिंह, भगवानदास राय, मुकेश पाल, अखिलेश अहिरवार, सब्बू खान, शकील खान, संतोष अहिरवार, मक्खन खटीक, नाथूराम रैकवार, अशोक राय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मास्टर ट्रेनरों व कर्मचारियों का ईवीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण संपन्न




**टीकमगढ़।** निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशन में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए शासकीय कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में मतदान दलों को प्रशिक्षित करने के लिये नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स तथा कर्मचारियों का ईव्हीएम कमीशनिंग हेतु प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेनटेशन के माध्यम से मतदान दल के गठन से लेकर मतदान सामग्री प्राप्त करने, मतदान दल की रवानगी, मतदान केंद्र में पहुंचने के पश्चात की जाने वाली कार्यवाहियां, मतदान प्रारंभ होने के पूर्व माकपोल, माकपोल के पश्चात वास्तविक मतदान, अभिकर्ताओ की नियुक्ति, मतदान पूर्व की जाने वाली घोषणाएं, मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, ईव्हीएम में खराबी आने पर दूसरी ईव्हीएम के उपयोग के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, माकपोल के दौरान किए गये मतदान पर्चियों को शील्ड करनें, सीआरसी ईव्हीएम के कनेक्शन मतदान के बाद की जाने वाली कार्यवाहियां तथा निर्धारित प्रपत्र भरने एवं उन्हें निर्धारित लिफाफो मे शील्ड करने की जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनर्स ने बीयू, सीयू तथा व्हीव्हीपैट के कनेक्शन, बैटरी बदलने के तरीके की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ईव्हीएम का कनेक्शन एवं संचालन माकपोल शुरू करने के पूर्व ही किया जाए। इस दौरान यदि ईव्हीएम में किसी तरह की समस्यां आती हैं तो ईव्हीएम का संबंधित पार्ट ही बदला जायेगा। वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के बाद यदि ईव्हींएम मशीन मे समस्यां आती है तो इसकी जानकारी संबंधित सेक्टर आफीसर तथा कंट्रोल रूम को देनी होगी। निर्धारित प्रपत्र भरना होगा तथा माकपोल के पश्चात ही मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। माकपोल मतदान प्रारंभ होने के 90 मिनट पहले शुरू किया जाता है। इस दौरान अभ्यर्थियो के अभिकर्ताओ को भी शामिल किया जाये। आयोग द्वारा निर्धारित समय के बाद भी यदि मतदान हेतु मतदाता लाइन में हैं तो उन्हें उल्टे क्रम में पीठासीन अधिकारी द्वारा पर्चियां जारी की जायेगी। मतदान दल सेक्टर अधिकारी की उपस्थिति में ही जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गये वाहन से मतदान सामग्री जमा करने के लिए आयेंगे। इसके साथ ही कर्मचारियों को ईव्हीएम कमीशनिंग हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

बैठक में हुई निर्वाचन संबंधी चर्चा और विचार विमर्श

# जिला संयुक्त कार्यालय में हुई समय-सीमा की बैठक, कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल के साथ ही मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि कोर्ट में लंबित याचिकाओं का समय से जबाव प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि कंटेम्प्ट केसों पर प्राथमिकता से समय से जबाव प्रस्तुत करें।

बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद रहें, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देषित किया कि विद्युत कनेक्शन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जहां परमानेंट कनेक्षन नहीं हैं, वहां टेम्परेरी विद्युत कनेक्षन की व्यवस्था सुनिष्चित करें। उन्होंने निर्देषित किया कि जीरो टोलरेंस नीति पर कार्य किया जाये, मतदान केन्द्र पर कोई भी कमी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही त्वरित प्रस्तावित की जाएगी। सभी सेक्टर अधिकारी अपने मतदान केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित अधिकारी को सूचित कर तैयारियां दुरूस्त करायें। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पानी, छाया, शौचालय, साफ-सफाई, रैंप, दिव्यांगों को ट्राईसाइकल की व्यवस्था के साथ मतदान दल के रूकने एवं महिलाओं के रूकने की व्यवस्था व महिला बूथ के उचित प्रबंध करने के संबंध में निर्देस दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देषित किया कि मतदान केन्द्रों पर जहां पूर्व में मतदान प्रतिषत अधिक रहा है वहां रिजर्व टीम लगायी जाये। उन्होंने जिले में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पानी की समस्या को दूर करने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करनें के लिए निर्देशित किया। समस्त पीएचई व विद्युत विभाग के कर्मचारी ट्राइल के रूप में एक रात्रि मतदान केन्द्रों पर विश्राम करें और संपूर्ण व्यवस्था करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मतदान दलों के प्रशिक्षण के समय पानी की व्यवस्था की जाये, मेडिकल टीम भी उपस्थित रहे, गर्मी से बचाव के लिए किट प्रदान की जाये। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया कि वेयर हाउस का निरीक्षण करें। श्री शर्मा नें ईडीसी के संबंध में निर्देश दिया कि फार्म (12 ए) 17 तारीख तक ईई पीएई के कार्यालय में जमा कर दें ताकि सभी के ईडीसी जारी किये जा सकें।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता, एसके तोमर, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग आरके पस्तोर, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक कुमार शर्मा, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग कमलेश जैन, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, पीओडूडा शिवि उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्लोगन लिखकर जीत सकते हैं पुरस्कार

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्युकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का विषय प्रत्येक वोट जरूरी होगा। इसमें 25 अप्रैल तक ऑनलाइन प्रविष्टियां mp.mygov.in पोर्टल पर भेजी जा सकती हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार व तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा 10 प्रतिभागियों को 5100 रुपए के पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

# 2012 में पिता को मौत के घाट उतारा, 2022 में बेटे को मार डाला, दो साल बाद अब दूसरे बेटे की भी कर दी हत्या

**बागड़ी समाज के युवक की हत्या से नाराज समाज के लोगों ने बीना-कुरवाई मार्ग किया चक्काजाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



वार्ड नंबर 2 स्थित माता बाग बाग में बागड़ी समाज के युवक ऊदल पुत्र राधेश्याम बागड़ी की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई। हत्या के बाद बागड़ी समाज के लोगों ने कुरवाई बीना रोड पर चक्काजाम कर दिया।

महिलाओं एवं बच्चों ने दो पहिया वाहनों तक को निकालने से रोक दिया। वह सड़क पर लेट गईं। मौके पर एसडीओपी मनीष राज, टीआई राजकुमार यादव एवं आसपास की चौकी थानों की पुलिस बल पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय नेताओं द्वारा समाज के लोगों को समझाने का प्रयास किया। दोपहर को इस हत्या की जानकारी लगने पर तत्काल पुलिस ने घटनास्थल से युवक को शासकीय चिकित्सालय भेजकर पोस्टमार्टम कराया गया। युवक के परिजनों और समाज के लोगों ने युवक के शव को लेने से मना कर दिया। जाम स्थल पर बागड़ी समाज के मौजूद युवकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले इसी युवक के परिवार के एक अन्य सदस्य की हत्या इसी तरह की गई थी। तब भी पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

रविवार को घटना फिर से घटित हुई है। मृतक युवक के परिवार में शादी है और हल्दी लगी हुई है। ऐसे में परिवार का बुरा हाल है। बागड़ी समाज के लोगों का कहना है कि उनके समाज के अंतिम संस्कार के लिए समाज के लोग जहां जाते हैं वहां पर अंतिम संस्कार करने से भी यह लोग रोकते हैं। महिला एवं युवकों की मांग है कि उनकी अंतिम संस्कार करने की जगह को खाली कराकर उन्हें सौंपा जाए। मौके पर मौजूद अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने समाज के लोगों को समझाकर उनकी मांगों का निराकरण करने का आश्वासन दिया। चुनाव की आचार संहिता के चलते वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी मौके पर आने से कतरा रहे हैं। रविवार को ऊदल बागड़ी की हत्या की गई। इससे पहले 2012 में ऊदल के पिता राधेश्याम बागड़ी की भी हत्या की गई थी। वहीं में वर्ष 2022 में ऊदल के भाई मलखान की भी इसी तरह से हत्या हुई थी। बागड़ी मोहल्ले में अंतिम संस्कार स्थल पर कब्जा किया जा रहा है। जिसको लेकर एक वर्ग विशेष द्वारा विवाद किया जाता है।

कनारा के मैदान में हुई क्रिकेट व रस्सा-कसी प्रतियोगिता का समापन

# पुलिस पैंथर की टीम ने जीता क्रिकेट मैच और रस्सा-कसी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वीप गतिविधियों के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को जिला मुख्यालय स्थित कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट एवं रस्साकसी प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाए। कनारा के मैदान पर आयोजित फाइनल मुकाबला कलेक्टर इंडियन बनाम पुलिस पैंथर के मध्य खेला गया। पुलिस पैंथर की टीम ने फायनल मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबले में कलेक्टर इंडियन की टीम में जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने भी सहभागिता निभाई है। इसके साथ ही रस्सा-कसी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भी कलेक्टर इंडियन बनाम पुलिस पैंथर के मध्य हुआ। इस मुकाबले में भी पुलिस पैंथर की टीम ने जीत दर्ज की है। कनारा मैदान पर आयोजित क्रिकेट व रस्सा-कसी प्रतियोगिता के दौरान एसबीआई की लीड बैंक शाखा द्वारा खिलाड़ियों को स्वल्पाहार व कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी। लीड बैंक ऑफिसर आकाश चौहान एवं पूर्व लीड बैंक ऑफिसर नरेश मेघानी के द्वारा खिलाड़ियों को कैप प्रदान किए गए।



## अंबेडकर की 133वीं जयंती पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**विदिशा।** भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर अलग-अलग संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित किए। जहां राजनैतिक दलों सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने अहमदपुर चौराह स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। इस दौरान सभी को अधिक से अधिक मतदान करने और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। वहीं वाहन रैली का आयोजन किया गया जो शहर के मुख्य मार्गों से निकली। इस दौरान संगठनों सहित तमाम लोगों ने अंबेडकर की 133वीं जयंती के मौके पर अहमदपुर चौराहे पर स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और मिष्ठान वितरण किया। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर बाइक रैली का आयोजन किया गया। जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस अहमदपुर चौराहे पहुंची जहां वाहन रैली का समापन हुआ।

### गर्ल्स कॉलेज में लड़कियों के एडमिशन पर संशय बरकरार

# पहुंच मार्ग तो बन जाएगा पर क्या बच्चियों को अकेले जंगल में पढ़ने भेजेंगे अभिभावक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

उच्च शिक्षा विभाग के अपर प्रमुख सचिव केसी गुप्ता के दखल के बाद 3 साल से बंद पड़े श्योपुर के गर्ल्स कॉलेज के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण शुरू तो हो गया है, लेकिन क्या इस पहुंच मार्ग के बनने के बाद गर्ल्स कॉलेज अपने नए भवन में संचालित होगा अगर होगा भी तो क्या जिला मुख्यालय से करीब 3 किमी दूर जंगल में बने इस सुनसान रास्ते पर अभिभावक अपनी बच्चियों को पढ़ने के लिए भेजेंगे। इस पर फिलहाल संशय ही बरकरार है।

दरअसल श्योपुर के गर्ल्स कॉलेज के लिए 3 साल पहले ही भवन बनकर तैयार हो गया था लेकिन इसमें क्लासें नहीं लगाई जा रही है। क्लासें नहीं लगाए जाने का कारण कालेज तक पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं होना बताया जा रहा था। इस मामले में जिले के भ्रमण पर आए उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख अपर सचिव केसी गुप्ता के दखल के बाद 3 साल से रुके पड़े रोड के निर्माण का काम अचानक ठेकेदार ने शुरू कर दिया है, पर क्या इस रोड के बन जाने के बाद गर्ल्स कॉलेज में कक्षाएं लगना शुरू हो जाएंगी इसके फिलहाल कयास ही लगाए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो रोड का न बनना तो एक बहाना था, अधिकतर अभिभावक अपनी बच्चियों को इस सुनसान इलाके में किसी अनहोनी के डर से पढ़ने भेजना से इनकार कर रहे थे जिसके चलते कॉलेज भवन तक पहुंच मार्ग बनवाने में कॉलेज प्रशासन की अरुचि बनी हुई थी। अब रोड बनने के बाद आगामी शिक्षा सत्र से नए भवन में क्लास लगना शुरू हो जाएंगी और इसके साथ ही कालेज प्रबंधन की परेशानी भी शुरू हो जाएंगी, कॉलेज के लिए आवंटित सीटो को भरने की चुनौती भी कालेज प्रबंधन की होगी क्या अभिभावक अपनी बच्चियों को जिला मुख्यालय से दूर सुनसान इलाके में पढ़ने के लिए भेजेंगे या फिर वह उन्हें प्राइवेट कॉलेज में पढ़ाएंगे




#### अभी लग रही पीजी कॉलेज में क्लास

गर्ल्स कॉलेज के लिए भवन नहीं बनने के कारण विगत कई सालों से गर्ल्स कॉलेज को पीजी कॉलेज भवन में ही संचालित किया जा रहा है। पीजी कॉलेज के पीछे वाले हिस्से में गर्ल्स कॉलेज की क्लास और लाइब्रेरी संचालित हो रही है दोनों ही कॉलेज के एडमिशन फॉर्म अलग-अलग भरे जाते हैं गर्ल्स कॉलेज में सिर्फ लड़कियों के एडमिशन लिए जा रहे हैं जबकि पीजी कॉलेज में लड़का और लड़की दोनों के एडमिशन हो रहे हैं। व्यवस्था के लिए स्टाफ भी गर्ल्स कॉलेज के लिए अलग दिया हुआ है। अब लॉ कॉलेज भी पीजी कॉलेज में ही संचालित किया जा रहा है। एक ही भवन में तीन कॉलेज लगाने से अव्यवस्था तो होनी ही है।

#### अभिभावकों का सुझाव शहर में ही पढ़ें बेटियां

उधर गर्ल्स कॉलेज में बेटियों को पढाने वाले अभिभावको ने प्रशासन को सुझाव दिया है कि बच्चियों को जिला मुख्यालय से दूर जंगल में बने भवन में पढ़ने भेजने के बजाय उन्हें जिला मुख्यालय पर ही पढ़ाया जाए इसके लिए पीजी कॉलेज में गर्ल्स कॉलेज संचालित किया जाए और गर्ल्स कॉलेज के लिए बनाए गए भवन में पीजी कॉलेज को स्थानांतरित कर दिया जाए। अगर ऐसा होता है तो समस्या का हल हो जाएगा वरना गर्ल्स कॉलेज में अधिकतर सीटें खाली ही रहने की संभावना बनी रहेगी जिसका भार पीजी कॉलेज पर आना तय है।

#### विचार करेंगे

अगर अभिभावकों की ओर से इस तरह की मांग आएगी तो पीजी कॉलेज भवन में गर्ल्स कॉलेज और गर्ल्स कॉलेज भवन में पीजी कॉलेज संचालित करने पर विचार किया जाएगा।

**लोकेश कुमार जांगिड़**
**कलेक्टर श्योपुर**

### आचार संहिता के चलते शासकीय कर्मचारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने के दिए हैं निर्देश

# हवा में कलेक्टर के निर्देश, राजस्थान से रोज अप डाउन कर रहे ढाई सैकड़ा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने 9 मार्च 2024 को एक आदेश जारी किया था जिसमें कहा गया था कि कोई भी शासकीय कर्मचारी बिना कलेक्टर की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा सभी तरह के अवकाशों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस निर्देश के बावजूद शिक्षा विभाग में ढाई सैकड़ा के करीब पड़ोसी राज्य राजस्थान के मूल निवासी शिक्षक जो जिले के विभिन्न स्कूलों में पढ़ा रहे हैं वह रोज जिला मुख्यालय से राजस्थान के लिए अप डाउन कर कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उधर शिक्षा विभाग ऐसे कर्मचारियों को मुख्यालय पर रोकने के बजाय जानबूझकर अनजान बना हुआ है।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से व्यवस्थित रूप से संपन्न हो इसके लिए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ अथक प्रयास में लगे हुए हैं कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का प्रशिक्षण देना हो या स्वीप प्लान के तहत जागरूकता कार्यक्रम करने जैसे आयोजनों में हर हाल में भागीदारी कराई जा रही है इस संबंध में उन्होंने 9 मार्च को एक आदेश जारी कर सभी कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहने के लिए निर्देशित किया गया है। सभी प्रकार के अवकाश निरस्त कर दिए गए, मेडिकल अवकाश के लिए भी छुट्टी मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित किया जाने के बाद स्वीकृत की जाएगी जिसके चलते जिला अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के अवकाश स्वीकृत करना बंद कर दिए हैं। इन सबसे इतर जिले में ढाई सैकड़ा के करीब पड़ोसी राज्य राजस्थान के ऐसे शिक्षक हैं जो पढाने का काम तो जिले के स्कूलों में कर रहे हैं लेकिन वह रोज मुख्यालय छोड़कर अपने घर राजस्थान आना-जाना भी कर रहे हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर का कहना है कि यदि ऐसी स्थितियां है तो इस मामले को दिखवाते हुए कार्रवाई की जाएगी।




#### इन स्कूलों से रोज कर रहे हैं शिक्षक अप डाउन

जन शिक्षा केंद्र पांडोला, जन शिक्षा केंद्र उतनवाड, जन शिक्षा केंद्र बडौदा, जन शिक्षा केंद्र मकड़ावदा, सीएम राइज स्कूल श्योपुर, गर्ल्स हायरसेकेंडरी स्कूल, उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर, जन शिक्षा केन्द्र, कन्या उमावि श्योपुर, जन शिक्षा केन्द्र श्री हजारेश्वर उमावि श्योपुर तथा दांतरदा कलां के लगभग दो-तीन सैकड़ा शिक्षक रोजाना राजस्थान राज्य से आना जाना बेरोकटोक कर रहे है।

# गणगौर मेले में अंतिम दिन रचाए स्वांग देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चार दिवसीय गणगौर लोक उत्सव मेले का समापन आचार संहिता के कारण कुछ फीका रहा। हर वर्ष समारोह पूर्वक आयोजित होने वाले इस समारोह से स्वयंसेवी संस्थाओं सहित अधिकारियों द्वारा दूरी बनाए जाने से समारोह के समापन पर खास रौनक दिखाई नही पड़ी। अलबत्ता नगरपालिका परिषद् की और से नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग ने समापन स्थल पर पहुंच कर कलाकारों और आयोजन समितियों का सम्मान किया। चार दिवसीय गणगौर मेले का समापन रविवार की रात हो गया। मेले के अंतिम दिन स्वांग देखने के लिए लोगो की भारी भीड उमडी। युवाओं ने स्वांग रचकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सूबात कचहरी पर हर वर्ष आयोजित होने वाले 4 दिवसीय गणगौर उत्सव मेले के समापन अवसर पर स्थानीय स्वयंसेवी व धार्मिक समितियां लोक उत्सव भजन-कीर्तन का आयोजन करती आई है। इसमें राजस्थान से आई भजन मंडलियां प्रस्तुति देती रही हैं। समापन अवसर पर जनप्रतिनिधि इस आयोजन को सफल बनाने वाले मंडलों व कलाकारों का सम्मान कर पुरुष्कृत करते थे। इस बार आचार संहिता के चलते नपाध्यक्ष सहित दूसरे जनप्रतिनिधियों ने भी समारोह से दूरी बनाए रखी। अलबत्ता नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग ने पार्षद प्रतिनिधियों के साथ पहुंचकर कलाकारों और मंडलों की हौसला अफजाई जरूर की। गणगौर के बैठने के स्थान पर टेंट, प्रकाश आदि की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा कराई गई थी, इस बार सजावट पहले से अच्छी और अधिक की थी।



#### इन स्थानों आई गणगौर, रचाए स्वांग

गणगौर मेले के चौथे दिन भी ब्राह्मण पाड़ा, पचरंग पाड़ा, भूरी पाड़ा एवं खारा कुआं से लाई गई गणगौरों को दर्शनों के लिए सुबात कचहरी आनंदी माता मंदिर के पास विराजित किया गया। राजस्थानी वेशभूषा में सजी गणगौरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में शहर सहित गांवों से भी दर्शक पहुंचे। इस दौरान युवाओं ने स्वांग रचाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

#### जाम में फंसी एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड गाड़ी




**श्योपुर।** जिम्मेदारों की लापरवाही का नजारा शहर के पाली रोड पर आए दिन देखने को मिलता रहता है, जहां से यात्री बसों को बीच बाजार में लाना प्रतिबंधित होने के बावजूद यात्री बसें दिनभर में बाजार से होकर गुजरती है। जबकि बड़ौदा रोड की ओर जाने के लिए एकीकृत बस स्टैंड से अलग से बाइपास निकाला गया है। इस लापरवाही के चलते सोमवार को मेला ग्राउंड के सामने बस के बीच रास्ते में फंस जाने से एक एंबुलेंस और एक फायर ब्रिगेड गाड़ी जाम में फंस गई। दोनों ही गाड़ियां अति आवश्यक सेवाओं के लिए गंतव्य पर पहुंच रही थी जिसके चलते ड्राईवर लगातार हूटर बजाकर वाहनों को रास्ता देने की अपील करता रहा लेकिन जाम जब खुला, तभी वह आगे बढ़ सकीं।

# बारूद के विस्फोट से हुई गाय की मौत, गौ सेवकों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रविवार को जारेला गांव में खेत की मेड़ पर चारा समझ कर विस्फोटक को चबाने से जिस गाय का जबड़ा उड़ गया था,उस गाय की मौत हो गई है। गाय की दर्दनाक मौत के बाद ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए गौ सेवकों ने सोमवार को एसपी अभिषेक आनंद के नाम एक ज्ञापन एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर को सौंपा है।

राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष किम्मी गौतम के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जारेला में किसी ने जानबूझकर जानवरों को मारने कि गरज से विस्फोटक खेत में छुपा कर रखे थे जिसे गाय ने चारा समझ कर चबा लिया और उसका जबड़ा विस्फोट के साथ उड़ गया। इस गंभीर विस्फोट से गाय की दर्दनाक मौत हो गई है। इस तरह की घटनाएं पूर्व में भी हुई है। लोगों के पास विस्फोटक सामग्री कैसे आती है इसकी भी जांच की जाए और इस तरह की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान संजय मंगल, विष्णु शर्मा, राधे पचौरी, सुनील आदि गौ सेवक मौजूद थे। उधर इस मामले में देहात थाना पुलिस ने गाय मालिक की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर हटवाया अतिक्रमण नियमानुसार शुरू करवाया नाली का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयपुर

विजयपुर में बन रही टू लेन सडक निर्माण कार्य के तहत अस्पताल से आगे नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यहां अतिक्रमण हटाए बिना नाली का निर्माण किया जा रहा था,जिससे सडक सकरी हो गई। इस मामले की शिकायत समाजसेवी ललित मोहन शर्मा के द्वारा एसडीएम विजयपुर बीएस श्रीवास्तव से की गई। इस मामले में एसडीएम बीएस श्रीवास्तव ने तुरंत संज्ञान लिया और अपने अमले को लेकर मौके पर पहुंच गए। जहां नाली का निर्माण गलत तरीके से होता मिला। इस पर एसडीएम ने तत्काल नाली निर्माण रूकवाया और निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार से सवाल जबाव किए। इस दौरान ठेकेदार के प्रतिनिधियों का कहना था कि जिस तरह का ले आउट दिया गया है,उसी के अनुसार नाली निर्माण किया जा रहा है। इस पर एसडीएम ने तत्काल जेसीबी बुलवाकर नाली को सीधे बनने में आडे आ रहे अतिक्रमण को हटवाया और फिर नियमानुसार नाली का निर्माण शुरू करवाया गया। एसडीएम बीएस श्रीवास्तव का कहना है कि सडक का निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुसार तीव्रता के साथ किया जाएगा। चुनाव के चलते यह कार्य प्रभावित नहीं होगा।



#### बडौदा में धर्मकांटे से करवाई जाए गेहूं की तुलाई

**श्योपुर।** भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदीश नागर ने एलएसएस संस्था बडौदा के प्रबंधक को पत्र लिखकर बडौदा में चल रहे गेंहू खरीद केन्द्र पर तुलाई धर्मकांटे से शुरू करवाए जाने का आग्रह किया है। किसान मायाराम मीणा सहित अन्य कई किसानों ने भाजना किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष को बताया कि बडौदा में चल रहे खरीद केन्द्र पर गेंहू की तुलाई हाथ से की जा रही है। जबकि जैदा स्थित मंडी में तुलाई कार्य धर्मकांटे से किया जा रहा है। जिस तरह जैदा मंडी में तुलाई कार्य किया जा रहा है,उसी तरह बडौदा गेहू खरीद केन्द्र पर तुलाई का कार्य किया जाए। इसके बाद किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नागर ने बडौदा एलएसएस संस्था प्रबंधक से पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि किसानों की सुविधा के लिए तुलाई धर्मकांटे से शुरू करवाई जाए।

#### घर के अंदर गैस सिलेंडर से बना रहे थे कच्ची शराब, पुलिस ने अल सुबह मारा छापा

**श्योपुर।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोभागपुरा में सोमवार की अल सुबह एसडीओपी श्योपुर राजीव गुप्ता की अगुवाई में चार थानों की पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए दो आरोपियो को पकडा है, यह लोग अपने घर के अंदर गैस सिलेंडर से कच्ची शराब बना रहे थे। जिन्हे पुलिस ने मामला दर्ज दबोच लिया है। एसडीओपी राजीव गुप्ता ने बताया कि इन दिनों पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद के निर्देशन में अवैध शराब कारोबार को लेकर ताडबतोड कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोभागपुरा में भी कच्ची शराब बनाई जाती है। इस सूचना पर चार थानों मानपुर, देहात, अजाक, महिला थाना पुलिस तथा पुलिस लाइन के फोर्स के साथ अल सुबह हजारी बंजारा के घर में दबिश दी। तो घर के अंदर गैस सिलेंडर के जरिए छोटी भट्टी पर कच्ची शराब बनाई जा रही थी। हजारी बंजारा और उसके बेटा मिथुन बंजारा ये काम कर रहे थे। जिन्हे पुलिस ने दबोच लिया है। साथही शराब बनाने के सामान भी जब्त कर लिए। यहां से पुलिस ने 270 लीटर कच्ची शराब जब्त की है।




### बीते एक माह से कराहल थाने में नहीं हो पाई टीआई की पोस्टिंग

# चुनावी नियमों के फेर में अटकी पोस्टिंग, टू स्टार के भरोसे कराहल का थ्री स्टार थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

यूं तो कराहल का पुलिस थाना टीआई स्तर का थाना है, लेकिन बीते एक माह से यह पुलिस थाना टू स्टार दरोगा के भरोसे चल रहा है। भलेही पुलिस लाइन में दो टीआई मौजूद है,लेकिन इसके बाद भी कराहल थाने में टीआई की पोस्टिंग नहीं हो पा रही है। इसके पीछे कारण लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि चुनाव आयोग से अनुमति मिलेगी,तभी कराहल थाने में टीआई की पोस्टिंग हो जाएगी। हालांकि पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से चुनाव आयोग से पोस्टिंग करने की अनुमति मांगी है, लेकिन अभी चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिल पाई है।

श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर स्थित कराहल पुलिस थाना बडौदा सब डिवीजन का प्रमुख थाना है। मार्च के पहते सप्ताह तक टीआई संजीव तिवारी कराहल थाना प्रभारी थे। मगर उनका प्रमोशन हो गया है और वे टीआई से कार्यवाहक डीएसपी बन गए है। इसके साथही उनका तबादला ग्वालियर में हो गया है। 16 मार्च के आसपास वे कराहल थाने से रिलीव होकर चले गए है। तब से ही यह पुलिस थाना उप निरीक्षक के भरोसे चल रहा है। नए पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद कराहल थाने में नए थाना प्रभारी की पोस्टिंग करते थे,उसके पहले ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। जिसकारण कराहल थाने में थाना प्रभारी की पोस्टिंग अटक गई है। विभागीय जानकार बताते है कि आचार संहिता के दौरान किसी भी थाने में पोस्टिंग चुनाव आयोग की अनुमति के बाद ही होना संभव है। लेकिन अभी चुनाव आयोग से इस तरह की अनुमति नहीं मिल सकी है। जिसकारण कराहल में टीआई की पोस्टिंग का मामला अटक गया है।




#### दो टीआई पदस्थ है पुलिस लाइन में

जिले में निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों की कमी भी नहीं है। वर्तमान में महाराज सिंह वघेल और याश्मीन खान के रूप में दो टीआई पुलिस लाइन में पदस्थ हैं। जिन्हें भी थाना मिलने का इंतजार बना हुआ है और अन्य थानों में पदस्थ टीआई भी कराहल थाने की जुगाड़ लगा रहे हैं, मगर चुनाव आयोग की अनुमति न मिल पाने की वजह से किसी का कोई जुगाड नहीं लग पा रहा है। उधर कराहल थाना भी टीआई के न होने से विभागीय कार्रवाईयों में पिछड रहा है।

#### प्रभावित हो रहा विभागीय कामकाज

कराहल थाने में बीते करीब एक माह से टीआई की पोस्टिंग न होने के कारण जहां विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं थाने में पदस्थ स्टाफ में अनुशासन हीनता भी बढती जा रही है। इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर भी कार्रवाई चल रही है। जो टीआई की पोस्टिंग न होने के कारण उतनी गति के साथ नहीं हो पा रही है,जितनी गति के साथ होनी चाहिए। जिसके चलते कराहल थाने को बाउंडओवर कार्रवाई धीमी गति से होने के कारण पुलिस कप्तान की फटकार झेलनी पडी है। विभागीय जानकारों की माने तो एससीएसटी एक्ट के मामलों में निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी को विवेचना का अधिकार है। ऐसे में यदि कराहल थाने में कोई एससीएसटी एक्ट का मामला दर्ज हो जाए तो उसकी विवेचना अन्य थाने के निरीक्षक को भेजनी पडती है। जिसकारण संबंधित थाने के निरीक्षक पर भी काम का अतिरिक्त बोझ बढ जाता है।

#### अनुमति मांगी है

कराहल थाने में पोस्टिंग के लिए एक पैनल भेजकर चुनाव आयोग से अनुमति मांगी है। जैसे ही चुनाव आयोग से अनुमति मिलेगी, वैसे ही कराहल थाने में टीआई की पोस्टिंग हो जाएगी।

**अभिषेक आनंद**
**एसपी,श्योपुर**

### जमातखाने में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए टांगे सकोरे

# गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने की पहल कर रहे समाजसेवी, जगह-जगह लगा रहे सकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंक्षियों को राहत मिल सके। इस काम को समाजसेवी योग शिक्षक दिनेश साहू बखूबी अंजाम दे रहे हैं जो इन दोनों धार्मिक स्थलों मंदिर मस्जिद धर्मशाला सामुदायिक भवनों में पहुंचकर पक्षियों के लिए सिकोरे टांग रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने जमातखाना में पहुंचकर सिकोरे टांगे।

अब लगातार गर्मी बढ़ती ही जा रही है जिससे पशु पक्षी का जीवन खतरों से गुजर रहा है। इसमें मुख्य रूप से वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण और जल प्रदूषण पर पूर्ण रूप से काबू नहीं पा रहे है। दिन को जल गर्म हो जाता है जिसे पक्षी ग्रहण नहीं कर भीषण गर्मी को देखते हुए समाज सेवी योग शिक्षक दिनेश साहू ने बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए भी दाना-पानी का इंतजाम करने का अभियान हर साल की तरह शुरू कर दिया है। वह यह अभियान धार्मिक संस्थाओं के माध्यम से चला रहे हैं उनका कहना है कि पक्षियों के पानी पीने के लिए बर्तन उसे स्थान पर टंगे जाने चाहिए जहां लोगों की आवाज आई होती है मंदिर मस्जिद ऐसे ही अच्छे स्थान है जहां पर लोग ईश्वर की आराधना करने तो जाते ही साथ ही पशु पक्षियों की चिंता भी करते हैं इसलिए रोजाना ताजा पानी पक्षियों के लिए भरकर उनके प्राण बचाने का काम इन स्थानों पर अच्छे से हो रहा है। अभी तक उन्होने मंदिर, मस्जिद, घर ,बाग बगीचा, स्कूल मैदान में पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था की है। इसी क्रम में रविवार को जमातखाना में सिकोरे टांगे। इस दौरान वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी, समाजसेवी एड जमील कुरैशी, इज्तिमाई शादी कमेटी के अध्यक्ष बरकत, खान कोषाध्यक्ष सलीम खान, सेक्रेटरी निसार अहमद आदि मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमौरी निवासी कल्लू पुत्र मोहनसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कल्ला कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काली टोर निवासी गोपाल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी अनुप सरदार,गुरूप्रीत सिंह सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर अनुप सरदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गोपाल गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम कोरवास निवासी मुकेष लोधी के पास से पुलिस ने 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार कदवाया पुलिस ने गणेषराम आदिवासी के पास से 15 हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने बरोदिया निवासी रविन्द्र आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुगावली थाने की पुलिस ने भगवान सिह सासी निवासी भातपुरा के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कचनार थाने की पुलिस ने ग्राम करमसी निवासी चंद्रभान अहिरवार के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुगावली पुलिस ने भातपुरा निवासी कालू सासी के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज किया गया

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत कविता पत्नि गौरव सोलंकी उम्र 23 साल निवासी गरेठी की 16 मार्च को मौत हो गई थी। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की जांच मुगावली एसडीओपी द्वारा की जा रही थी। जिसमे जांच के दौरान पाया गया कि मीना बाई पत्नि जहेन्द्र सिह सोलकी के द्वारा अपने लडके की बहु कविता सोलकी को दहेज के लिए परेषान कर प्रताडित किया जा रहा था। जिससे महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उक्त मामले की जांच पर से पुलिस प्रताडना का मामला दर्ज किया गया है।

## सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम अचलगढ निवासी कमल सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चंदेरी मे म्युजियम के सामने रणधीर सिंह पुत्र मंगल सिह सिख निवासी लुकवासा ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटे आई है। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत कलेक्टर सिंह पुत्र इंदर सिंह यादव निवासी कोलूआ रोड विवेकानंद स्कूल के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 09 सीयू 2080 के चालक ने नए बस स्टेण्ड पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

## युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**अशोकनगर।** ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम बमनाबर निवासी अमरसिंह पुत्र कबूला जाटव उम्र 24 वर्ष को जहरीला पदार्थ का सेवन करने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा उपचार करा रहे युवक के भाई दीमान सिंह जाटव ने बताया कि घर मे किसी प्रकार का कोई विवाद नही है। हमे कुछ पता नही है कि उसने कौन से जहरीले पदार्थ का सेवन किया है और क्यो कर लिया है। तबियत खराब होने पर हम उपचार के लिए ईसागढ से जिला अस्पताल ले आए जहा उसका उपचार जारी है।

## 60 वर्षीय वृद्व घायल

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय रामपुरा मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश पुत्र षिवलाल रजक उम्र 60 वर्ष को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा उपचार करा रहे घायल के परिवारजनो ने बताया कि वह सब्जी लेने के लिए बाजार गए थे।

### पुरानी शिवपुरी में लोगों को सुनाई दी एक के बाद एक दो धमाकों की गूंज

# रहस्यमय धमाके से दहशत में आया जिला पुलिस ने कहा नहीं हुई कहीं कोई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शिवपुरी शहर की पुरानी शिवपुरी में 9:30 बजे दो एक के बाद एक धमाके होने की खबर पूरे जिले में आग की तरह फैल गई।



जिसके बाद से शरह के लोग दहशत में आ गये बताया जा रहा है कि जब लोगो ने धमाके की आवाज को सुना तो वह अपने घर से बाहर निकाल कर देखने लगे और अंदाजा लगाने लगे की शहर में कोई बडी घटना घटित हो गई है लोगो के मन में यह डर अंदर तक बैठ गया इसके बाद पुलिस प्रशासन को भी शुरुआत में इस धमाके का सही पता नहीं चल सका जिसके बाद प्रशासन ने जिले भर में इस धमाके के बारे में पता करने की कोशिश की लेकिन पता चला की जिले भर में कही कोई धमाका नहीं हुआ है और न ही किसी प्रकार का धमाके से कोई घटना घटित हुई है। इसके बाद प्रशासन ने इसका पता लगाया तो पता चला की यह धमाका फाइटर प्लेन का है। दरअसल, जब भी कोई फाइटर प्लेन उड़ान भरता है तो वह सामान्य स्पीड में होता है, लेकिन उसके बाद वह सामान्य स्पीड से सुपर सोनिक स्पीड में आता है तो तेज धमाका के साथ कंपन होता है। इस कंपन और धमाके को साउंड बैरियर कहा जाता है। इस धमाके की आवाज शहर सहित जिले के करैरा, खोड़, रन्नोद, कोलारस, पिछोर, भौती, मायापुर, सुरवाया क्षेत्र में सुनाई दी कंपन से घरो के दरवाजे व खिडकी भी हिल गई। दहशत में आये लोगो से प्रशासन ने भी अपील की है साथ ही कहा है कि लोगा किसी भी अफवाह पर विश्वास न करे शरह में किसी प्रकार की कोई घटना घटिन नही हुई है यह केवल फाइटर प्लेन की आवाज थी जो की सामान्य स्पीड से सुपर सोनिक स्पीड में आते हैं तब इस प्रकार की आवाज आती है।

### क्या होता है सुपरसोनिक साउंड बैरियर



दरअसल, जब भी कोई फाइटर प्लेन उड़ान भरता है तो वह सामान्य स्पीड में होता है, लेकिन उसके बाद वह सामान्य स्पीड से सुपर सोनिक स्पीड में आता है तो तेज धमाका के साथ कंपन होता है। इस कंपन और धमाके को साउंड बैरियर कहा जाता है। हालांकि सामान्य स्पीड से सुपर सोनिक स्पीड में फाइटर प्लेन आकाश में काफी ऊंचाई पर करते हैं। इसलिए यह आमतौर पर सुनाई नहीं देती है। मगर निर्धारित ऊंचाई से नीचे जब यह होता तो लोगों को धमाका सुनाई देता है। हालांकि आज सुनाई दी आवाज की पुष्टि नहीं हो सकी है। इसकी पड़ताल करने में पुलिस सहित प्रशासन के बड़े अधिकारी लगे हुए हैं।

### पहले भी हो चुकी है इस प्रकार की घटना

बता दें जिस प्रकार के धमाकों की आवाज सुनाई दी थी। इस प्रकार के धमाकों की आवाज जिले में आज से दो साल पहले अगस्त 2022 में भी सुनाई दी थी। इसका सबसे ज्यादा असर खोड़ क्षेत्र में बताया गया था। ग्रामीणों के कहने पर शिवपुरी की पुलिस ने दिन भर जंगलों में सर्चिंग की थी। लेकिन उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा था। उस वक्त एक्सपर्ट ने बताया था कि यह सुपर सोनिक साउंड होता है जो फाइटर प्लेन से निकलता है।

### इनका कहना है

यह एयरफोर्स के मिग 21 के परीक्षण होने की सूचना है अधिकतर यह तब होता है जब फाइटर प्लेन सामान्य स्पीड से सुपर सोनिक में कन्वट होता है तब इस प्रकार की आवाज आती है यह इसलिए कहा जा सकता है क्योकि इस प्रकार की आवाज पहले भी आ चुकी है जिले में कोई दुर्घटना या हताहत होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है कृपया अफवाह ना फैलाए यह सभी से अनुरोध है।

**रोहित दुवे** कोतवाली थाना प्रभारी

आज सुबह जिले में जो धमाके की आवाज आई थी उससे जिले में कही भी किसी प्रकार की दुर्घटना नही हुई है। यह फाइटर प्लेन का परीक्षण है इस बारे मे में कुछ नही कह सकता हूँ।

**अमन सिंह राठौड़** पुलिस अधीक्षक

## किया भगवान संभवनाथ का महामस्तकाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

नगर से 11 किलोमीटर दूर कंजिया में संभवनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान संभवनाथ का महामस्ताभिषेक कर मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया। इस अवसर पर भगवान का महामस्तकाभिषेक कर शांतिधारा की गई। तत्पश्चात भगवान को निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। चार इंद्रो द्वारा भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया। इंद्र बनने का सौभाग्य अनिल कुमार सराफ, आलोक कुमार फट्टा, विपिन कुमार कुलैया एवं सौरभ कुमार पांडे को मिला। महामस्ताभिषेक उपरांत भगवान की दोनों तरफ से शांति धारा की गई। शांती धारा करने का सौभाग्य राकेश कुमार मामा हार्डवेयर एवं राजीव भगत पत्रकार को मिला। शांति धारा उपरांत श्रद्धालुओं ने पदम कुमार फट्टा एवं सौरभ जैन नायक के सानिध्य में भगवान की संगीतमय,भक्तिमय पूजन की गई। तत्पश्चात निर्वाण काण्ड पढ़कर भगवान को निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। भगवान को निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य मुकेश कुमार सराफ,महावीर कुमार सराफ,अखिलेश कुमार सिंघई भोलू को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गई था। कार्यक्रम उपरांत समिति द्वारा वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई थी।

# पुलिस ने पकड़ा ड्रग पेडलर, 10 लाख की 40 ग्राम स्मैक बरामद, खेप खपाने वाले युवक के बारे में पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

लोकसभा चुनाव के चलते शिवपुरी पुलिस लगातार चेकिंग प्वाइंट लगाकर वाहन चेकिंग कर रही है साथ ही संदेह को भी पकड़ कर पूछताछ की जा रही है जिससे जिले भर के पुलिस थानो से एक के बाद एक मामले सामने आते जा रहे है लेकिन इन सभी मामलों में दो मामले सबसे ज्यादा सामने आए है अवैध शराब व स्मैक , पुलिस ने इस अपनी कार्यवाही में सबसे ज्यादा स्मैक व अवैध शराब पर ही कार्यवाही की है जिससे यह साबित होता है कि शहर से लेकर जिले भर में सबसे ज्यादा नशे का कारोबार फल फूल रहा है। शराब व स्मैक ने नशे से पूर्व में कई लोगों की जान भी जा चुकी है।



जानकारी के अनुसार शहर में स्मैक खपाने आए राजस्थान के पेडलर को फिजिकल थाना पुलिस ने 40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत 10 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस पकड़े गए पेडलर से आगे की पूछताछ कर रही है। पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली थी कि रजक धर्मशाला के पास गोरी कुण्ड रोड पर एक युवक के पास स्मैक की बड़ी खेप है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर जाकर युवक को पकड़कर कर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के पास से 40 ग्राम स्मैक की खेप बरामद हुई थी। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी मुरारी पुत्र रोडूलाल लोधा (32) राजस्थान की छीपा बडोद तहसील के कोटडा भगवान गांव का रहने बाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 लाख की स्मैक बरामद कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस शहर में किन लोगों को स्मैक की खेप खपाने आया था। इसकी पूछताछ कर रही है।

### इनका कहना है

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर युवक की तलाशी ली तो युवक से 40 ग्राम स्मैक बरामद की इसके बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। स्मैक की खेप खपाने वाले युवक की पुलिस पूछताछ कर रही है

**रजनी चौहान** थाना प्रभारी फिजिकल

# जैन मिलन सेंट्रल का शपथ ग्रहण, 11 को मिली सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

समाज सेवा मे अग्रणी संस्था जैन मिलन सेन्ट्रल का शपथग्रहण समारोह भव्यता से जैन भवन मे संपन्न हुआ। समारोह मे भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एंव समारोह गौरव वीर विनय जैन ऐडवोकेट ने शाखा के नवीन सत्र 2024- 25 के लिए नवीन निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एंव क्षेत्र 12 के क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी. पी के जैन ने शाखा के 11 नवीन सदस्यों को शपथ दिलाकर समाज सेवा मे अग्रणी बने रहने का संकल्प दिलाते हुए जैन मिलन का लेपिल पिन लगाकर उन्हें अब नाम के आगे वीर लगाने की बात बताई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर की प्रार्थना से हुआ शाखा सदस्यों ने अतिथियों का शाल श्रीफल से स्वागत किया। शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीर वीरेंद्र जैन अथाईखेडा ने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल जैन बांझल शाढ़ौरा, इंजी. एस सी जैन गुना, दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कांसल, महामंत्री राकेश अमरोद पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी ,जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री आंनद गांधी डां डी के जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित थे ।

# संयुक्त कलेक्टर ने किया चेक पोस्टों का निरीक्षण, पटवारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले की तीनों विधानसभाओं में एसएसटी चेक पोस्ट बनाए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन द्वारा रविवार को मुंगावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विदिशा जिले के बॉर्डर के समीप एसएसटी मल्हारगढ़ चेक पोस्ट,एसएसटी सेमरखेड़ी तथा उत्तरप्रदेश की सीमा स्थित एसएसटी मर्दनखेड़ी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएसटी दल से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी ली एवं सघन चेकिंग के निर्देश दिए। एसएसटी मर्दनखेड़ी चेक पोस्ट पर पटवारी अनुपस्थिति मिलने पर पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश तहसीलदार मुंगावली को दिए। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित एसएसटी दल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित मिले एवं सभी व्यवस्था बेहतर पाई गई।



# 14 साल बड़े युवक से प्यार, मांगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती को 34 साल के युवक से प्यार हो गया, 11 अप्रैल को घर से भागी युवती अपने प्रेमी के साथ सोमवार को एसपी ऑफिस पहुंची। जहां युवती ने अपनी व अपने प्रेमी की सुरक्षा की गुहार एसपी से लगाई है। युवती का कहना था कि उसके परिजन उसकी शादी अन्य जगह करना चाहते थे। इसी के चलते वह अपने प्रेमी के साथ घर से भाग गई थी। उसने कोर्ट में लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने का समझौता भी कर लिया है। अब वह अपने प्रेमी के साथ शादी भी करना चाहती है।



हालांकि, उसके परिजनों से उसे धमकी मिल रही है। गौरतलब है कि युवती की गुमशुदगी बैराड़ थाने में दर्ज है। युवती के परिजनों ने गांव के ही रहने वाले एक युवक पर भगा ले जाने के भी आरोप लगाए थे।

जानकारी के अनुसार बैराड़ थाना क्षेत्र के रसैरा गांव की रहने वाली सपना शाक्य ने बताया कि उसका प्रेम प्रसंग गांव के ही रहने वाले सुरेंद्र शाक्य के साथ पिछले तीन साल से चल रहा था। लेकिन उसके परिजनों ने उसकी शादी एक ऐसे युवक से तय कर दी जो शराब के नशे में रहता था। युवक ने फोन पर उससे शराब के नशे में बात भी की थी। इसके बावजूद उसके घरवालों ने उसकी शादी शराबी युवक से तय कर दी। यह शादी 21 अप्रैल को होनी थी। इसी के चलते वह 11 अप्रैल को अपने प्रेमी सुरेंद्र शाक्य के साथ घर से भाग गई थी। सपना ने बताया कि उसके परिजन अब उसे व उसके प्रेमी को जान से खत्म करवाने की धमकी दे रहे हैं। वह और उसका प्रेमी बालिग है और हमने कोर्ट में लिव इन रिलेशनशिप में रहने का अनुबंध कर लिया है।

### इनका कहना है

युवती के परिजनो की शिकायत पर थाने में गुमशुदगी दर्ज है युवती अपनी मर्जी से 6 दिन पहले घर से भागी है

**मनोज राजपूत** थाना प्रभारी बैराड़

### बैसाखी मेले में आए श्रद्धालुओं को लेकर अशोकनगर से दिल्ली के लिए ट्रैन रवाना

# रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का पूरे दिन बना रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर श्रीआनंदपुर में वैशाखी का पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। देश की राजधानी दिल्ली से 11 अप्रैल को एक स्पेशल टेन अशोकनगर पहुची थी। जो आनंदपुर मे मेला समाप्त होने के बाद श्रृद्धालुओ को लेकर रविवार को अशोकनगर से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गई। पूरे समय श्रृदालुओ का स्टेशन पर आवागमन बना रहा। इस स्पेशल टेन के अलावा यहा चलने वाली अन्य यात्री गाडी से भी श्रृदालुओ का आवागमन जारी है।

श्रीआनंदपुर स्वामी रामकृष्ण परम हंस मत के अनुयायियों का सबसे बडा तीर्थ स्थल हैं। जहां वैशाखी का पर्व बडे पैमाने पर मनाया जाता हैं। यहां आने वाले श्रृद्धालु यात्री ट्रेनों से अशोकनगर पहुचते हैं अनेक श्रृद्धालु ललितपुर रेल्वे स्टेशन से भी चंदेरी होते हुए आनंदपुर पहुचते हैं। इसके अलावा स्वयं के निजी साधनों से दिल्ली से ग्वालियर, शिवपुरी होते हुए श्रीआनंदपुर आते हैं। इस बार भी वैशाखी के मेले पर श्रृद्धालुओं की संख्या अच्छी देखी गई। अनेक श्रृद्धालु 15 दिन पहले से पहुचना प्रांरभ हो गए थे। जो मेले के दिन और अभी तक आ जा रहें हैं। इनके लिए श्रीआंनदपुर ट्रस्ट द्वारा विशेष सुविधांए उपलब्ध कराई गई थी। यहां आने वाले श्रृद्धालुओं ने वैशाखी के मेले में भाग लिया मंदिरों के दर्शन किए। गुरूमहाराज का आर्शीवाद लिया और वैशाखी का पर्व मनाया। अशोकनगर स्टेशन से जाने वाली यात्री ट्रेनों में भीड भाड रही। स्टेशन पर भी यात्री ट्रस्ट की बसों से आकर ट्रनों का इंतजार करते देखे गए।



### श्रीआनंदपुर के मंदिर अत्यंत दर्शनीय

श्रीआनंदपुर मे मंदिर देखने के योग्य है। यहा के मंदिर देखकर श्रृदालुओ को आगरा के ताजमहल की याद आ जाती है। यहा के मंदिर सफेद संगमरमर से चमचमाते हुए नजर आते है। यहा वैशाखी के अलावा गुरूपूर्णिमा पर भी मेले का आयोजन होता है। यह गुरू की भक्ति की जाती है। ओम जयकारा के स्वर सुनाई पडते है। यहा आने वाले श्रृदालुओ को श्रीआनदपुर ट्रस्ट द्वारा बसो से लाया और ले जाया जाता है। रविवार को अशोकनगर मे बसे श्रृदालुओ को लेकर अशोकनगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन के बाहर आकर छोडती रही। यहा के अतुलधाम आश्रम से श्रृदालुओ को रास्ते के लिए खाने के लिए पैकेट प्रदान किए गए। यहा एक पानी की एक प्याउ स्थायी रूप से संचालित है। जहा से श्रृदालु पानी की आपूर्ति करते रहे। जो श्रृदालु जिस डिब्बे मे स्पेशल टेन से आए थे वापिसी मे वह श्रृदालु उसी डिब्बा नंबर मे बैठकर रवाना हुए।






### रेल पटरियां पार कर जोखिम उठाते रहे

अशोकनगर स्टेशन पर लगातार उद्घोषणा किए जाने के बाद भी श्रृदालु पैदल पुल से सामान लेकर न आते हुए रेल पटरिया पार कर सामान की ढुलाई करते रहे। अपने साथ भारी भरकम सामान लेकर आने वाले इन श्रृदालुओ को परेशानी का सामना करना पडा। अशोकनगर स्टेशन पर श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अनेक सेवाभावी लोग भी नजर आए लेकिन उनके द्वारा इस पटरिया पार कर आने जाने पर कोई पाबंदी नही लगाई गई। इस तरह के जोखिम उठाने से हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

### प्रसाद पैकिंग सामग्री का ही प्रदान किया जाता है

यहा आने वाले श्रृदालुओ को जो मेले मे आते है उन्हे और जो अलग से श्रीआनंदपुर मे दर्शन करने पहुचते है। उन श्रृदालुओ को जो प्रसाद प्रदान किया जाता हैं। वह प्रसाद खुली सामग्री का नही होता है। या तो प्रसाद मे फल होते है। या फिर विस्किट ,नमकीन के साथ अन्य प्रकार की पैक सामग्री प्रसाद के रूप मे प्रदान की जाती है। ताकि प्रसादी प्राप्त करने के बाद श्रृदालुओ को किसी तरह की कोई समस्या न हो और यह पूरी तरह सुरक्षित सामग्री रहती है।